बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग

# संकल्प

संचिका सं०:–3प/स्था०–01–03/2013/6302/पं०रा० पटना, दिनांक 18/7/2024

**विषय – पंचायती राज विभाग अंतर्गत मुख्यालय स्तर पर "पंचायती राज अभियंत्रण संगठन" के गठन तथा 4 तकनीकी एवं 2 गैर तकनीकी पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में।**

बिहार ग्रामीण क्षेत्र भवन उपविधि, 2024 के अनुमोदनोपरांत ग्रामीण क्षेत्रों में भवन परियोजनाओं के नियमित एवं नियंत्रित निर्माण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एवं इन योजनाओं की ससमय प्रावधानानुसार स्वीकृति, पर्यवेक्षण एवं गुणवत्ता को सुनिश्चित करने हेतु पंचायती राज विभाग मुख्यालय स्तर पर एक अभियंत्रण संगठन का गठन किया जा रहा है। यह संगठन त्रि–स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं द्वारा केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/राज्य योजना मद अंतर्गत प्राप्त राशि से विभिन्न योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण भी करेगा। यह संगठन समय–समय पर योजनाओं/परियोजनाओं/कार्यक्रमों के सम्यक क्रियान्वयन एवं संचालन के संबंध में विभाग को नीतिगत परामर्श भी दे सकेगा।

2. उक्त मुख्यालय स्तर अभियंत्रण संगठन में पंचायती राज विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन तकनीकी कोटि में 04 एवं गैर तकनीकी कोटि में 02, कुल 06 पदों के सृजन की स्वीकृति मंत्रिपरिषद् की दिनांक 12.07.2024 को आयोजित बैठक में मद संख्या–13 के रूप में दी गयी है।

3. उपर्युक्त सृजित पदों का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र० | पदनाम | पदों की संख्या | वेतनमान/पे–लेवल | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | तकनीकी पद | | |
| 1 | कार्यपालक अभियंता (असैनिक) | 01 | 15600–39100 (ग्रेड पे–6600) (Level-11) | श्रेणी–A |
| 2 | वास्तुविद (Architect) | 01 | 9300–34800 (ग्रेड पे–5400) (Level-09) | श्रेणी–B |
| 3 | सहायक वास्तुविद (Assistant Architect) | 01 | 9300–34800 (ग्रेड पे–5400) (Level-09) | श्रेणी–B |
| 4 | सहायक अभियंता (असैनिक) | 01 | 9300–34800 (ग्रेड पे–5400) (Level-09) | श्रेणी–B |
| | | कुल–04 | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | गैर तकनीकी पद | | |
| 1 | उच्चवर्गीय लिपिक | 01 | 5200—20200 (ग्रेड पे—2400) (Level-04) | श्रेणी—C |
| 2 | निम्नवर्गीय लिपिक | 01 | 5200—20200 (ग्रेड पे—1900) (Level-02) | श्रेणी—C |
| | कुल—02 | | | |

4. **अनुमानित वार्षिक व्यय** :— पंचायती राज विभाग मुख्यालय स्तर पर अभियंत्रण संगठन के कुल स्वीकृत 06 पदों के लिए लगभग ₹60.24 लाख (साठ लाख चौबीस हजार रुपये) मात्र वार्षिक व्यय संभावित है। अनुमानित लागत की विवरणी **अनुलग्नक—1** के रूप में संलग्न है।

5. **निधि की व्यवस्था** :— उक्त पदों पर आने वाला व्यय का वहन राज्य सरकार द्वारा स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय/राज्य वित्त आयोग मद से किया जायेगा।

6. **नियंत्रण** :— पंचायती राज अभियंत्रण संगठन संवर्ग का प्रशासी नियंत्रण पंचायती राज विभाग का होगा।

7. पंचायती राज अभियंत्रण संगठन के रिक्त पदों पर नियुक्ति/प्रोन्नति किये जाने के संबंध में विभाग द्वारा अलग से अधिसूचना निर्गत की जायेगी।

8. पंचायती राज अभियंत्रण संगठन की संरचना में परिवर्तन/नियंत्रण हेतु समय—समय पर अलग से निर्णय लिया जा सकेगा।

9. पंचायती राज अभियंत्रण संगठन के तहत् सृजित तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर सम्प्रति प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर पात्र कर्मियों की सेवा ली जाएगी। नियमित नियुक्ति के उपरान्त प्रतिनियुक्ति/संविदा आधारित नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी।

**आदेश** :— आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाये।

मिहिर

**(मिहिर कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव

**ज्ञापांकः—3प/स्था०—01—03/2013/**6302**/पं०रा० पटना,दिनांक**18**/**7**/2024**
**प्रतिलिपि** : महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मिहिर 17/7/'24

**(मिहिर कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव

अनुलग्नक — 1

## मुख्यालय स्तर पर पंचायती राज अभियंत्रण संगठन हेतु अनुमानित व्यय विवरणी

| क्र० | पदनाम / वेतनमान | पदों की संख्या | मूल वेतन | मंहगाई भत्ता (50%) | मकान किराया भत्ता (20%) | चिकित्सा भत्ता | परिवहन भत्ता | परिवहन भत्ता पर मंहगाई भत्ता | एक पद हेतु आवश्यक राशि | कुल पद का एक माह का व्यय | एक वर्ष में कुल व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* | *11* | *12* |
| 1 | कार्यपालक अभियंता L-11 | 01 | 67700 | 33850 | 13540 | 1000 | 4000 | 2000 | 122090 | 122090 | 1465080 |
| 2 | Architect L-9 | 01 | 53100 | 26550 | 10620 | 1000 | 4000 | 2000 | 97270 | 97270 | 1167240 |
| 3 | सहायक Architect L-9 | 01 | 53100 | 26550 | 10620 | 1000 | 4000 | 2000 | 97270 | 97270 | 1167240 |
| 4 | सहायक अभियंता L-9 | 01 | 53100 | 26550 | 10620 | 1000 | 4000 | 2000 | 97270 | 97270 | 1167240 |
| 5 | उच्चवर्गीय लिपिक L–4 | 01 | 25500 | 12750 | 5100 | 1000 | 3000 | 1500 | 48850 | 48850 | 586200 |
| 6 | निम्नवर्गीय लिपिक L–2 | 01 | 19900 | 9950 | 3980 | 1000 | 3000 | 1500 | 39330 | 39330 | 471960 |
| **कुल** | | **06** | **272400** | **136200** | **54480** | **6000** | **22000** | **11000** | **502080** | **502080** | **6024960** |

मिहिर 17/7/'24

(मिहिर कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव